LOK SABHA DEBATES

(Part I — Proceedings with Questions and Answers)

The House met at Eleven of the Clock

Tuesday, August 19, 2025 / Sravana 28, 1947 (Saka)

HON’BLE SPEAKER

Shri Om Birla

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri N. K. Premachandran

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri Raja A.

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

LOK SABHA DEBATES

PART I – QUESTIONS AND ANSWERS

Tuesday, August 19, 2025 / Sravana 28, 1947 (Saka)

CONTENTS	PAGES
ANNOUNCEMENT RE: AVAILABILITY OF INTERPRETATION FACILITY IN THE HOUSE IN ALL LANGUAGES MENTIONED IN THE CONSTITUTION	1
ORAL ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 361 – 363)	1A – 30
WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 364 – 380)	31 – 50
WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS (U.S.Q. NO. 4141 – 4370)	51 – 280

सत्यमेव जयते

LOK SABHA DEBATES

(Part II - Proceedings other than Questions and Answers)

Tuesday, August 19, 2025 / Sravana 28, 1947 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

PART II – PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

Tuesday, August 19, 2025 / Sravana 28, 1947 (Saka)

C ON T E N T S **P A G E S**

RULING RE: NOTICES OF ADJOURNMENT MOTION **281**

PAPERS LAID ON THE TABLE **281 & 303**

MESSAGES FROM RAJYA SABHA **282**

COMMITTEE ON PETITIONS **283**
2nd and 3rd Reports

COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE **283**
2nd Report

COMMITTEE ON SUBORDINATE LEGISLATION **283 - 84**
1st to 4th Reports

JOINT COMMITTEE ON OFFICES OF PROFIT **284**
2nd Report

STANDING COMMITTEE ON COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY **284**
16th to 20th Reports

STANDING COMMITTEE ON FINANCE **285**
26th Report

STANDING COMMITTEE ON RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ **285**
20th and 21st Reports

STATEMENTS RE: STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS IN 3RD AND 10TH REPORTS OF STANDING COMMITTEE ON AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY AND FOOD PROCESSING – LAID 285 - 86

Shri George Kurian

STATEMENT RE: STATUS OF IMPLEMENTATION OF OBSERVATIONS / RECOMMENDATIONS IN 1ST REPORT OF STANDING COMMITTEE ON HOUSING AND URBAN AFFAIRS – LAID 286

Shri Tokhan Sahu

STANDING COMMITTEE ON RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ 286

Statement

ELECTION TO COMMITTEE 287

Central Advisory Committee for National Cadet Corps

MATTERS UNDER RULE 377 – LAID 288 - 302

Shrimati Bharti Pardhi 288

Shri Dilip Saikia 288

Shri Arun Kumar Sagar 289

Dr. Manna Lal Rawat 289

Shri Vishnu Dayal Ram 290

Shrimati D. K. Aruna 290

Shri P. P. Chaudhary 291

Shri Brijmohan Agrawal 291

Shrimati Sangeeta Kumari Singh Deo 292

Shri Anurag Singh Thakur 292

Shri Bhartruhari Mahtab 293

Shri Damodar Agrawal 293

Shri Rudra Narayan Pany	**294**
Shri Kodikunnil Suresh	**294**
Shri Ujjwal Raman Singh	**295**
Shri Chamala Kiran Kumar Reddy	**295**
Shri Sukhjinder Singh Randhawa	**296**
Sushri S. Jothimani	**296**
Shri Devesh Shakya	**297**
Shri Rajeev Rai	**297**
Shri Jagadish Chandra Barma Basunia	**298**
Shri Tamilselvan Thanga	**298**
Shri Bastipati Nagaraju	**299**
Shri Ravindra Dattaram Waikar	**299**
Shrimati Shambhavi	**300**
Dr. M. P. Abdussamad Samadani	**300**
Shri Chandan Chauhan	**301**
Shri Chandra Prakash Choudhary	**301**
Adv. Chandra Shekhar	**302**

SPECIAL DISCUSSION RE: INDIA'S FIRST ASTRONAUT ABOARD THE INTERNATIONAL SPACE STATION – CRITICAL ROLE OF SPACE PROGRAMME FOR 'VIKSIT BHARAT BY 2047' **304 - 06**

(Contd. --- Inconclusive)

Dr. Nishikant Dubey **304 - 06**

(Speech unfinished)

INDIAN INSTITUTES OF MANAGEMENT (AMENDMENT) BILL **307 - 10**

Motion for Consideration **307**

Shri Dharmendra Pradhan **307 - 08**

Motion for Consideration – Adopted **309**

Consideration of Clauses **309**

Motion to Pass **310**

xxxx

(1100/KDS/SNT)

1100 बजे

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

सदन में संविधान में उल्लिखित सभी भाषाओं में इंटरप्रिटेशन की सुविधा उपलब्ध कराने के बारे में घोषणा

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे आपको सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हम सदन में संविधान की 8वीं अनुसूची में उल्लिखित सभी भाषाओं में इंटरप्रिटेशन की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। अभी तक सदन में हिंदी और अंग्रेजी के अतिरिक्त 18 भाषाओं अर्थात् असमिया, बंगाली, बोडो, डोगरी, गुजराती, कन्नड़, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु और उर्दू भाषाओं में सुविधा प्रदान की जा रही थी। अब इसमें कश्मीरी, कोंकणी व संथाली भाषाओं को भी शामिल कर लिए जाने से हम संविधान में उल्लिखित सभी भाषाओं में इंटरप्रिटेशन की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

माननीय सदस्यगण, भारत की संसद ही है, जिसमें 22 भाषाओं के लिए साइमल्टेनियस इंटरप्रिटेशन की सुविधा उपलब्ध है। इतनी भाषाओं में यह सुविधा किसी भी अन्य देश की संसद में नहीं है। हमें भारत, भारत के संविधान और भारत के लोकतंत्र पर गर्व करना चाहिए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अत: मेरा आग्रह है कि आप सदन चलाने में सहयोग करें। हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतकंत्र है। मुझे आशा है कि आप सदन चलाने में सहयोग करेंगे।

… (व्यवधान)

1102 बजे

(इस समय सुश्री महुआ मोइत्रा, श्री मणिक्कम टैगोर और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

(प्रश्न 361)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न 361, डॉक्टर संजय जायसवाल जी।

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। मेरा प्रश्न राजभाषा से संबंधित है और आपने सभी 22 भाषाओं में अनुवाद हेतु लोक सभा में आज से ही परमिशन दी, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। … (व्यवधान) एक बिहारी होने के नाते, आपको, माननीय प्रधान मंत्री जी व माननीय गृह मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं, क्योंकि अब मैथिली भाषा में भी संविधान उपलब्ध है। … (व्यवधान) मैथिली भाषा लिखने-पढ़ने वाला कोई भी व्यक्ति भारत का संविधान मैथिली भाषा में भी पढ़ सकता है। उसके लिए मैं आपको और माननीय प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। … (व्यवधान)

महोदय, मेरा एक सुझाव भी है। भारत में बहुत सारी ऐसी भाषाएं व बोलियां हैं, जो बहुत सारी जगहों में प्रचलित हैं। भोजपुरी की बोली दुनिया के लगभग 30 करोड़ लोगों द्वारा बोली जाती है। … (व्यवधान) अत: मेरा माननीय मंत्री जी को यह सुझाव है कि जब आप सीडैक से और स्वयं इस संसद में 22 भाषाओं में परिवर्तित करके सभी कार्य कर सकते हैं, तो पत्राचार की भाषा भी हमारी 8वीं अनुसूची के हिसाब से हो सकती है।… (व्यवधान) मेरा यह सुझाव है कि सरकारी कार्यालयों में भाषा परिवर्तन का कार्य भोजपुरी में भी किया जाए, जिससे भोजपुरी बोलने वाली 30 करोड़ जनसंख्या इसका लाभ उठा सके। धन्यवाद।

(1105/CS/VPN)

श्री नित्यानन्द राय : महोदय, माननीय सदस्य डॉ संजय जायसवाल जी ने अपने प्रश्न के माध्यम से भोजपुरी भाषा के महत्व को बताया है और इन्होंने कुछ सुझाव भी दिए हैं।… (व्यवधान) मैं माननीय सदस्य महोदय और सदन को यह जरूर बताना चाहूँगा कि संविधान की अष्टम अनुसूची में जो भी 22 भाषाएँ हैं, इनके संवर्धन, संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए माननीय मोदी जी की सरकार प्रतिबद्ध, संकल्पित है।… (व्यवधान) अगर कोई लोक भाषा भी है, जिसने स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक रूप में और बोलचाल की भाषा के रूप में पहचान बना ली है तो उसके महत्व को भी हम महत्वपूर्ण मानते हैं।… (व्यवधान) माननीय सदस्य का जो सुझाव है, इस विषय पर हम संजय जी के साथ बैठकर एक बार जरूर चर्चा करेंगे।… (व्यवधान)

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद।… (व्यवधान)

महोदय, मेरा दूसरा प्रश्न यह है।… (व्यवधान) आज एक तरफ इतना बड़ा दिन है, जिसमें हमारे विरोधी दलों के,… (व्यवधान) इन सभी लोगों की भाषाओं में अनुवाद हो रहा है।… (व्यवधान) अगर वे लोग चाहें तो अपनी भाषा में सवाल कर सकते हैं और जवाब सुन सकते हैं।… (व्यवधान) मुझे लगता है कि इन लोगों को इसमें ज्यादा इंटरेस्ट नहीं है।… (व्यवधान) इटैलियन भाषा जोड़ी जाए तभी ये लोग तैयार होंगे।… (व्यवधान)

मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि विगत वर्षों में केन्द्र सरकार के द्वारा राजभाषा सहित विभिन्न भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए क्या-क्या कदम उठाये गए हैं और सरकार की क्या-क्या

उपलब्धियाँ हैं?... (व्यवधान) क्या इसके बारे में मंत्री जी विस्तार से सदन को बताएँगे? ... (व्यवधान)

श्री नित्यानन्द राय : महोदय, केन्द्र सरकार ने माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में और माननीय गृह मंत्री जी के मार्गदर्शन में राजभाषा सहित अन्य सभी भारतीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए काफी महत्वपूर्ण कई कदम उठाए हैं।... (व्यवधान) जैसे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन भी हो रहा है।... (व्यवधान) भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना की गई है।... (व्यवधान) हिन्दी शब्द सिंधु डिजिटल शब्दकोश तैयार किया गया है।... (व्यवधान) यह अति महत्वपूर्ण है।... (व्यवधान) इसका बहुत लाभ मिल रहा है।... (व्यवधान) इसमें हिन्दी के मानकीकरण और भाषा तकनीक के विकास हेतु ऑनलाइन हिन्दी शब्दकोश है, जिसमें सात लाख से अधिक शब्द शामिल हैं।... (व्यवधान)

महोदय, 'कंठस्थ' अनुवाद प्रणाली तैयार की गई है।... (व्यवधान) 'कंठस्थ-2' एक स्मृति आधारित अनुवाद प्रणाली है, जिसमें 5 करोड़ से अधिक वाक्य शामिल हैं।... (व्यवधान) यह प्रतिदिन 15 से 20 हजार नोटिंग्स का अनुवाद करती है।... (व्यवधान) लीला हिन्दी प्रवाह एक मोबाइल एप्लिकेशन बनाया गया है।... (व्यवधान) यह 14 भारतीय भाषाओं के उपयोगकर्ताओं को हिन्दी सिखाने का सहज और निशुल्क माध्यम है।... (व्यवधान)

महोदय, ई-सरल हिन्दी वाक्य कोश बनाया गया है।... (व्यवधान) जिसमें अब तक 6 लाख शब्द एवं 14 हजार से अधिक वाक्य शामिल किए जा चुके हैं।... (व्यवधान) राजभाषा हिन्दी को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण तकनीकी टूल विकसित किए गए हैं।... (व्यवधान) केन्द्रीय समितियों का गठन हुआ है।... (व्यवधान) 537 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है।... (व्यवधान) अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी हिन्दी को पहचान मिली है।... (व्यवधान) हिन्दी अब विश्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।... (व्यवधान) फिजी की सह राजभाषा एवं अबू धाबी में न्यायलयों की तीसरी आधिकारिक भाषा हिन्दी बनी है।... (व्यवधान)

महोदय, राजभाषा के साथ-साथ जितनी भी भारतीय भाषाएँ हैं, उनको महत्व दिया जा रहा है।... (व्यवधान) माननीय प्रधानमंत्री जी का कहना है कि हमारी योग्यता, हमारी मेधा, हमारी मातृभाषा में ज्यादा परिलक्षित होती है।... (व्यवधान) इसलिए हमारी जितनी भी भाषाएँ हैं, उनको संरक्षित और संरक्षण देने का काम हम विभिन्न पहलुओं पर करते हैं।... (व्यवधान) अभी भारतीय भाषाओं के लिए भारतीय भाषा अनुभाग बना है।... (व्यवधान) विभिन्न राज्यों में जो भाषा वहाँ की आधिकारिक भाषा में प्रथम स्थान पर है, उस भाषा में अब हम लोग पत्राचार भी करते हैं।... (व्यवधान)

(इति)

(1110/MNS/AK)

(प्रश्न 362)

माननीय अध्यक्ष : क्वेश्चन नंबर 362, श्री जी. सेल्वम।

… (व्यवधान)

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): Sir, thank you for giving me an opportunity to ask an important question. … (*Interruptions*)

PM Awaas Yojana – Gramin is a huge success. … (*Interruptions*) It has given three benefits. … (*Interruptions*) The first is to provide houses for the poor. … (*Interruptions*) The second is to provide work for the rural population. … (*Interruptions*) The third is to revive and boost the rural economy. … (*Interruptions*)

The Minister has given a very elaborate answer to this Question. … (*Interruptions*) So, I want to ask this from the Minister very specifically. … (*Interruptions*) How many houses have been sanctioned in Tamil Nadu? … (*Interruptions*) What is the budget allocated for this Scheme in Tamil Nadu? … (*Interruptions*) Has any new survey been done in Tamil Nadu to identify the new houses? … (*Interruptions*) Thank you, Sir. … (*Interruptions*)

कृषि और किसान कल्याण मंत्री; तथा ग्रामीण विकास मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने तमिलनाडु की गरीब जनता के बारे में सवाल पूछा है।… (व्यवधान) मुझे कहते हुए बहुत तकलीफ हो रही है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने तमिलनाडु में भी गरीबों के मकान बनाने के लिए लक्ष्य आवंटित किया है, लेकिन माननीय अध्यक्ष महोदय, अन्याय की पराकाष्ठा है कि एक साल से ज्यादा समय हो गया, लेकिन तमिलनाडु की सरकार ने 'पीएम आवास' के 2 लाख 15 हजार मकान स्वीकृत ही नहीं किए हैं। … (व्यवधान) हम गरीबों के मकान बनाने के लिए पैसा दे रहे हैं, लेकिन तमिलनाडु की सरकार मकान स्वीकृत ही नहीं कर रही है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, यह गरीबों के साथ अन्याय है, धोखा है, पाप है। इतना ही नहीं वहां 3 लाख 10 हजार मकान पूरे ही नहीं हुए, जबकि उनको पैसा दिया जा चुका है, लेकिन सरकार मकान पूरे नहीं कर रही है। … (व्यवधान) तमिलनाडु सरकार के खाते में 608 करोड़ रुपये पड़े हुए हैं। केंद्र सरकार का अंश 608 करोड़ रुपये तमिलनाडु सरकार के खाते में पड़े हुए हैं, लेकिन वे गरीबों के मकान नहीं बना रहे हैं, मकानों को स्वीकृति नहीं दे रहे हैं। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, इसीलिए हम वर्ष 2018 के आवास प्लस की सूची के 50,815 मकानों का लक्ष्य तमिलनाडु को नहीं दे पा रहे हैं। आखिर इनको तकलीफ क्या है? गरीबों के मकान बनेंगे, तो इनको तकलीफ क्या है? मोदी जी का नाम होगा, इसलिए मकान नहीं बनने दे रहे हैं। … (व्यवधान) पराकाष्ठा तो यह है कि पूरे देश में ऐसे गरीब जिनके पास कच्चे घर हैं, उनको नया मकान बनाने के लिए वर्ष 2024 में सर्वे किया गया था, लेकिन इस साल तमिलनाडु की सरकार ने सर्वे ही नहीं किया। यह गरीबों के साथ अन्याय है, धोखा है, पाप है। … (व्यवधान) मैं तमिलनाडु सरकार से हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूं कि वह गरीबों के मकान को स्वीकृत करें, गरीबों के मकान बनाने के लिए सर्वे करें, ताकि हम गरीबों के मकान बना सकें। मैं तमिलनाडु की सरकार से हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूं कि गरीबों के साथ अन्याय न करें। … (व्यवधान) (इति)

(प्रश्न 363)

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि देश में कृषि शिक्षा में 77 एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज, आईसीएआर के द्वारा 113 इंस्टीट्यूशंस, 425 शासकीय महाविद्यालय और 300 के लगभग प्राइवेट एग्रीकल्चर कॉलेजेज चल रहे हैं। … (व्यवधान) लगभग डेढ़ लाख विद्यार्थी गवर्नमेंट इंस्टीट्यूशंस में हैं और लगभग दो लाख के करीब विद्यार्थी प्राइवेट यूनिवर्सिटीज में हैं, लेकिन देश में एग्रीकल्चर एजुकेशन का कोई भी ऐसा मॉनिटरिंग सिस्टम नहीं है, जो इनकी मॉनिटरिंग कर सकें, इनके एक्रेडिटेशन के लिए काम कर सके।… (व्यवधान)

(1115/RV/SRG)

इसके कारण देश में कई प्रकार की समस्याएं आ रही हैं।… (व्यवधान) गुणात्मकता के लिए कृषि शिक्षा, नवाचार, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और स्थानीय प्रासंगिकता से परिपूर्ण हो, जिससे एकदम अभी यह शिक्षा परे है, तो मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इस दिशा में कोई इस प्रकार का संस्थान, जो इनकी मॉनिटरिंग सिस्टम के लिए सरकार खड़ा कर सके, क्या उसके बारे में सरकार विचार कर रही है?… (व्यवधान) जैसे मेडिकल के लिए आई.सी.एम.आर. है, इसी प्रकार से देश में नेशनल एग्रीकल्चर काउंसिल जैसी संस्था इसकी मॉनिटरिंग के लिए खड़ी होगी, यह मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं।… (व्यवधान)

श्री भागीरथ चौधरी : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने शिक्षा के क्षेत्र में और विशेष तौर से कृषि के क्षेत्र से संबंधित इस देश के अन्नदाताओं के लिए और उनकी भलाई के लिए एक ज्वलंत प्रश्न पूछा है।… (व्यवधान) मुझे दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि ये विपक्ष वाले सांसद, जो किसानों के वोटों से जीत कर आ रहे हैं, वे आज किसानों के हित की बात सुनना नहीं चाह रहे हैं।… (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि वर्तमान में, कृषि और संबद्ध विज्ञान विषयों में उच्च शिक्षा के विनियमन और संवर्धन के लिए कोई स्वतंत्र वैधानिक निकाय अथवा समर्पित एजेंसी की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।… (व्यवधान) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) - 2020 में सामान्य शिक्षा परिषद और सेक्टोरल समिति का प्रावधान है।… (व्यवधान) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि शिक्षा के लिए एक 'प्रोफेशनल स्टैंडर्ड सेटिंग बॉडी (पीएसएसबी)' के रूप में कार्य करेगा।… (व्यवधान) पी.एस.एस.बी., जी.ई.सी. के सदस्य के रूप में शैक्षणिक मानकों को निर्धारित करने और अपने डोमेन/विषयों के शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार कार्यों के बीच समन्वय स्थापित करने का काम करती है।… (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, इसके साथ-साथ कृषि शिक्षा की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा को सुदृढ़ करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (एनएईएबी) के द्वारा कृषि विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और कार्यक्रमों को प्रत्यायन प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड के चार उद्देश्य हैं - प्रत्यायन प्रक्रिया के अंतर्गत संस्थानों के निर्धारित न्यूनतम मानकों एवं मानदंडों की पहचान करना, मौजूदा कृषि एवं संबंधित विषयों के संस्थानों को शैक्षणिक कार्यक्रमों के सुधान हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना, नए संस्थानों एवं कार्यक्रमों के विकास के लिए प्रोत्साहित करना, जो कृषि शिक्षा और अनुसंधान में राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप हों।... (व्यवधान)

प्रत्यायन के मापदंड में संस्थान का दृष्टिकोण मिशन और उद्देश्य, शासन एवं प्रशासन, और शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणवत्ता है।... (व्यवधान) इसके अलावा, शोध एवं नवाचार, शिक्षकों की योग्यता व क्षमता, छात्र विकास व समर्थन सेवाएं, भौतिक संसाधन व आधारभूत संरचना, वित्तीय संसाधन व प्रबंधन, गुणवत्ता आश्वासन व सतत सुधार इत्यादि किए जा रहे हैं।... (व्यवधान)

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से दूसरा पूरक प्रश्न पूछना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने आह्वान किया है कि लैब में तैयार की गयी तकनीकों को किसानों तक जल्द से जल्द पहुंचाना चाहिए, जिसका वे भरपूर लाभ ले सकें।... (व्यवधान) इस दिशा में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विकसित कृषि संकल्प अभियान द्वारा 29 मई से 12 जून, 2025 तक चलाया गया।... (व्यवधान) क्या विकसित कृषि संकल्प अभियान आगे भी चलेगा?... (व्यवधान) इस अभियान को जारी रखने के लिए भविष्य की क्या योजना है?... (व्यवधान) मंत्री जी से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी सदन के साथ साझा करें।... (व्यवधान)

कृषि और किसान कल्याण मंत्री; तथा ग्रामीण विकास मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान) : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय विष्णु दत्त शर्मा जी शिक्षा के क्षेत्र में कई वर्षों तक काम कर चुके हैं।... (व्यवधान) माननीय राज्य मंत्री जी ने उनके पहले पूरक प्रश्न का उत्तर भी दिया है।... (व्यवधान) वे एग्रीकल्चर की कंसल्टेटिव कमेटी के सदस्य भी हैं, इस पर भी विचार करके हम एग्रीकल्चरल एजुकेशन को भी कैसे बेहतर कर पाएं, उसके लिए भी प्रयत्न करेंगे।... (व्यवधान) उन्होंने जो दूसरा सवाल पूछा है, वह बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल पूछा है।... (व्यवधान)

(1120/MLC/SM)

माननीय अध्यक्ष महोदय, यह मोदी सरकार है, जिसने शोध और अनुसंधान जो लैब में होता है, उसको लैंड तक पहुँचाने का फैसला किया है।...(व्यवधान) यह पहली बार हुआ है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत देश के वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक लैब से निकल कर लैंड तक गए हैं और एक करोड़ तैतीस लाख किसानों से सीधा संवाद किया है।...(व्यवधान)

(pp. 7-30)

साठ हजार से ज्यादा कार्यक्रम हुए हैं। उन कार्यक्रमों में नए बीज, नई कृषि पद्धतियाँ, मैकेनाइजेशन के नए सिस्टम, जलवायु और जलवायु के अनुरूप वहाँ कौन-सी फसल ठीक होगी, उसके बारे में अनुसंधान किया है। …(व्यवधान) मिट्टी में जो पोषक तत्व हैं, उसके हिसाब से कौन-सी फसल, फसल की कौन-सी किस्म वहां पैदा होगी, उसके बारे में एजुकेट करने का प्रयत्न किया।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, इसके बड़े सुपरिणाम सामने आए हैं। …(व्यवधान) हमें लगभग पांच सौ ऐसे विषय मिले हैं, जिन पर आज शोध की जरूरत है। मोदी सरकार ने यह तय किया है कि अब वैज्ञानिक लैब्स में शोध अपने मन से नहीं करेंगे बल्कि किसानों की जो समस्याएं हैं, उसके आधार पर शोध किया जाएगा, उसके आधार पर रिसर्च किया जाएगा। …(व्यवधान) हमने ऐसे शोध के पांच सौ विषय तय किए हैं। तीन सौ नवाचार किसानों ने भी किए हैं।…(व्यवधान) उन नवाचारों को भी वैज्ञानिक स्वरूप देकर हम किसानों तक पहुँचायेंगे। …(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से माननीय सदन और सारे किसानों को सूचित करना चाहता हूँ कि तीन अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक फिर विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रारंभ होगा। …(व्यवधान) हमारे हजारों वैज्ञानिक, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के कर्मचारी, अधिकारी, हमारे प्रगतिशील किसान और खुद कृषि मंत्रीगण फिर किसानों के बीच जाएंगे, ताकि रबी की फसल में हम लोग बेहतर तकनीक अपना सकें और देश के अन्न के भण्डार भर सकें। …(व्यवधान) अब यह सरकार कृषि भवन से नहीं चलेगी। …(व्यवधान) यह सरकार खेतों से चलेगी, खलिहानों से चलेगी और किसानों के साथ बात करके चलेगी। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही बारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1123 बजे

<u>तत्पश्चात् लोक सभा बारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।</u>

(1200/GM/GG)

1200 बजे

लोक सभा बारह बजे पुनः समवेत् हुई।

(श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं के बारे में विनिर्णय

1200 बजे

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, माननीय अध्यक्ष जी को कई माननीय सदस्यों के द्वारा कई विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। माननीय अध्यक्ष जी ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

… (व्यवधान)

1201 hours

(At this stage, Shri B. Manickam Tagore, Shri Anand Bhadauria, Shri Prasun Banerjee and some other hon. Members came and stood near the Table)

सभा पटल पर रखे गए पत्र

1201 बजे

माननीय सभापति : अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

श्री कृष्ण पाल जी।

सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल) : सभापति महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 की धारा 116 की उप-धारा (2) के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या का.आ.3003(अ), जो दिनांक 4 जुलाई, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा उक्त अधिनियम की दूसरी अनुसूची में, उसमें उल्लिखित, कतिपय संशोधन किए गए हैं, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी अधिनियम, 2025 की धारा 50 की उप-धारा (2) के अंतर्गत दिनांक 11 जुलाई, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ.3087(अ) में प्रकाशित "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी परिनियम, 2025, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

… (व्यवधान)

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय) : सभापति महोदय, मैं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिनियम, 1949 की धारा 18 की उप-धारा (3) के अंतर्गत गृह मंत्रालय, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सहायक कमांडेंट (मैट्रन), समूह 'क' पद, भर्ती नियम, 2025, जो दिनांक 18 जुलाई, 2025 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि.478(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

… (*Interruptions*)

MESSAGES FROM RAJYA SABHA

1202 hours

SECRETARY GENERAL: Sir, I have to report the following messages received from the Secretary General of Rajya Sabha:-

(i) "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 18^{th} August, 2025 agreed without any amendment to the Indian Ports Bill, 2025 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 12^{th} August, 2025."

(ii) I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on Thursday, the 31^{st} July, 2025 adopted the following Motion in regard to the Committee on Welfare of Other backward Classes (OBCs):-

MOTION

"That this House resolves that the Rajya Sabha do join the Committee of both the Houses on Welfare of Other Backward Classes (OBCs) for the term of one year beginning from the date of the first sitting of the Committee, and proceed to elect, in such manner as directed by the Chairman, ten Members from amongst the Members of the House to serve on the said Committee."

2. I am further to inform the Lok Sabha that in pursuance of the above Motion, the following Members of the Rajya Sabha have been duly elected to the said Committee:-

1. Shri Masthan Rao Yadav Beedha
2. Shri Rajendra Gehlot
3. Shri Subhasish Khuntia
4. Shri Mayankkumar Nayak
5. Shri K.R.N. Rajeshkumar
6. Dr. Kalpana Saini
7. Shri C. Ve Shanmugam
8. Shri Ashok Singh
9. Dr. Bhim Singh
10. Dr. V. Sivadasan

याचिका समिति
दूसरा और तीसरा प्रतिवेदन

1203 बजे

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : सभापति महोदय, मैं याचिका समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) लक्षद्वीप में पर्यटन के संवर्धन और विकास तथा इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के संबंध में श्री प्रवीण कुमार से प्राप्त अभ्यावेदन पर याचिका समिति (सत्रहवीं लोक सभा) के तैंतालीसवें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी दूसरा प्रतिवेदन।

(2) सेल पेंशन योजना के संशोधन और इससे संबंधित अन्य मामलों के संबंध में श्री बी.एस. नरसिम्हन से प्राप्त अभ्यावेदन पर याचिका समिति (सत्रहवीं लोक सभा) के छियालीसवें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी तीसरा प्रतिवेदन।

… (व्यवधान)

COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS
FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE
2nd Report

SHRI BIPLAB KUMAR DEB (TRIPURA WEST): Sir, I rise to present the Second Report (Hindi and English versions) of the Committee on Absence of Members from the Sittings of the House.

COMMITTEE ON SUBORDINATE LEGISLATION
1st to 4th Reports

SHRI BALASHOWRY VALLABHANENI (MACHILIPATNAM): Sir, to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Committee on Subordinate Legislation: -

(1) First Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations contained in the Twenty-sixth Report (17thLok Sabha) of the Committee on Subordinate Legislation.

(2) Second Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations contained in the Thirty-second Report (17th Lok Sabha) of the Committee on Subordinate Legislation.

(3) Third Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations contained in the Thirty-fifth

Report (17th Lok Sabha) of the Committee on Subordinate Legislation.

(4) Fourth Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations contained in the Thirty-sixth Report (17th Lok Sabha) of the Committee on Subordinate Legislation

-----

JOINT COMMITTEE ON OFFICES OF PROFIT

2nd Report

SHRI EATALA RAJENDER (MALKAJGIRI): Sir, I rise to present the Second Report (Hindi and English versions) of the Joint Committee on Offices of Profit (Eighteenth Lok Sabha) regarding eligibility of a sitting MP to be considered for the post of Chairperson, National Commission for Protection of Child Rights (NCPCR).

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति

16वां से 20वां प्रतिवेदन

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : सभापति महोदय, मैं संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति (2024-25) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) संचार मंत्रालय (दूरसंचार विभाग) से संबंधित 'अनुदानों की मांगें (2025-26)' के बारे में समिति के आठवें प्रतिवेदन (18वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी सोलहवां प्रतिवेदन।

(2) इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगें (2025-26)' के बारे में समिति के नौवें प्रतिवेदन (18वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी सत्रहवां प्रतिवेदन।

(3) संचार मंत्रालय (डाक विभाग) से संबंधित 'अनुदानों की मांगें (2025-26)' के बारे में समिति के दसवें प्रतिवेदन (18वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी अठारहवां प्रतिवेदन।

(4) सूचना और प्रसारण मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगें (2025-26)' के बारे में समिति के ग्यारहवें प्रतिवेदन (18वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी उन्नीसवां प्रतिवेदन।

(5) संचार मंत्रालय (डाक विभाग) से संबंधित 'डाक विभाग में रियल एस्टेट प्रबंधन' विषय के बारे में बीसवां प्रतिवेदन।

… (व्यवधान)

STANDING COMMITTEE ON FINANCE
26th Report

DR. K. SUDHAKAR (CHIKKBALLAPUR): Sir, I rise to present the Twenty-sixth Report (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Finance on the subject „Roadmap for Indian economic growth in light of global economic and geopolitical circumstances

-----

(1205/YSH/GTJ)

ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी स्थायी समिति
20वां और 21वां प्रतिवेदन

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर) : सभापति महोदय, मैं ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूँ :-

(1) ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) से संबंधित 'दिशा समितियों का प्रभावी कार्यकरण' के बारे में बीसवां प्रतिवेदन।

(2) पंचायती राज मंत्रालय से संबंधित 'ग्राम ऊर्जा स्वराज: ग्रामीण क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना' के बारे में इक्कीसवां प्रतिवेदन।

… (व्यवधान)

STATEMENTS RE: STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS IN 3RD AND 10TH REPORTS OF STANDING COMMITTEE ON AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY AND FOOD PROCESSING – LAID

1205 Hours

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FISHERIES, ANIMAL HUSBANDRY AND DAIRYING (SHRI GEORGE KURIAN): Sir, with your kind permission, on behalf of my senior colleague Shri Rajiv Ranjan Singh, I rise to lay the following statements regarding: -

(1) the status of implementation of the recommendations contained in the 3rd Report of the Standing Committee on Agriculture, Animal Husbandry and Food Processing on Demands for Grants (2024-2025) pertaining to the Department of Fisheries, Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying.

(2) the status of implementation of the recommendations contained in the 10th Report of the Standing Committee on Agriculture, Animal Husbandry and Food Processing on Demands for Grants (2025-2026) pertaining to the Department 7 of Fisheries, Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying.

… (*Interruptions*)

आवासन और शहरी कार्य संबंधी स्थायी समिति के पहले प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य – सभा पटल पर रखा गया

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री तोखन साहू) : सभापति महोदय, मैं आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2024-2025) के बारे में आवासन और शहरी कार्य संबंधी स्थायी समिति के पहले प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूँ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी) : आइटम नम्बर 12 - श्री विजय कुमार दूबे।

… (व्यवधान)

ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी स्थायी समिति
विवरण

1206 बजे

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर) : सभापति महोदय, मैं ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) के 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के माध्यम से ग्रामीण रोजगार – मजदूरी दर और उससे संबंधित अन्य मामलों संबंधी जानकारी (2023-24)' के बारे में सैंतीसवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के संबंध में ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी स्थायी समिति के चौथे प्रतिवेदन (अठारहवीं लोक सभा) के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ।

… (व्यवधान)

ELECTION TO COMMITTEE

Central Advisory Committee for National Cadet Corps

1207 Hours

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI SANJAY SETH): Hon. Chairperson, Sir, with your kind permission, I rise to move the following:-

"That in pursuance of clause (i) of sub-section (1) and sub-section (1A) of Section 12 of the National Cadet Corps Act, 1948, the members of this House do proceed to elect, in such manner as the Speaker may direct, two members from amongst themselves to serve as members of the Central Advisory Committee for the National Cadet Corps, subject to the other provisions of the said Act and the Rules made thereunder."

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम, 1948 की धारा 12 की उप-धारा (1) के खंड (i) और उप-धारा (1क) के अनुसरण में, इस सभा के सदस्य, ऐसी रीति से, जैसा कि अध्यक्ष निदेश दें, उक्त अधिनियम के अन्य उपबंधों तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अध्यधीन, राष्ट्रीय कैडेट कोर की केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से दो सदस्य निर्वाचित करें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

नियम 377 के अधीन मामले – सभा पटल पर रखे गए

1208 बजे

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, आज जिन सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति दी गई है, वे 20 मिनट के भीतर मामले के पाठ को व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख दें।

Re: Need to redevelop various railway stations in Balaghat Parliamentary Constituency under Amrit Bharat Station Scheme

श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) : मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने लोकसभा संसदीय क्षेत्र – बालाघाट की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु "अमृत भारत स्टेशन योजना" प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत देशभर के लगभग 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को दीर्घकालिक मास्टर प्लान के आधार पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र के बालाघाट तथा सिवनी स्टेशनों को इस योजना में शामिल किया गया है, जिसके लिए मैं धन्यवाद देती हूँ। मैं निवेदन करती हूँ कि मेरे क्षेत्र के अन्य चार प्रमुख स्टेशन – वारासिवनी, कटंगी, लामता तथा तिरोड़ी – को भी इस योजना में शामिल किया जाए। ये चारों स्टेशन न केवल तहसील मुख्यालय हैं, बल्कि इनके माध्यम से सैकड़ों गांवों की लाखों की जनसंख्या आवागमन करती है। इन स्टेशनों के उन्नयन से यात्रियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएँ मिलेंगी तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को भी बल मिलेगा।

(इति)

Re: Need to deport Bangladeshi infiltrators from Assam

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : असम में बांग्लादेशी अवैध घुसपैठ का मुद्दा राज्य की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है और यह असम के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है और इससे यहाँ की जनसांख्यिकी में भी भारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। 1951-2011 की अवधि में असम राज्य की जनसंख्या वृद्धि दर 288.21% रही, जबकि पूरे भारत में यह 235.15% थी। यह उच्च वृद्धि दर असम राज्य में बड़े पैमाने पर प्रवासन का संकेत देती है। इनके यहाँ बसने से राज्य में वन भूमि का प्रतिशत 1951-52 के 39% से घटकर अब लगभग केवल 30% रह गया है। असम समेत पूर्वोत्तर भारत में अवैध घुसपैठ को लेकर भारत और बांग्लादेश के बीच कोई समझौता नहीं होने के कारण, बांग्लादेश द्वारा अपने इन अवैध घुसपैठियों को वापिस नहीं लिया जाता है। अधिकांश बांग्लादेशी प्रवासियों ने अवैध रूप से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया है वोट बैंक की प्रतिस्पर्धी राजनीति और पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा इन घुसपैठियों को दिया गया संरक्षण आज इस क्षेत्र के लिए बहुत ही विनाशकारी साबित हो रहा है। मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि बांग्लादेश के साथ इस अवैध घुसपैठ को लेकर एक समझौता किया जाए और अवैध घुसपैठियों को वापिस भेजा जाए।

(इति)

Re: Need to review the proposal to close down Railway Mail Service in Shahjahanpur Parliamentary Constituency

श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) : मैं सदन के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि संचार मंत्रालय के डाक विभाग के पार्सल निर्देशालय के डिप्टी जनरल मैनेजर के एफ० नं० 39-04/2025-पीडी, दिनांक 14.07.2025 के माध्यम से मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहाँपुर (उ.प्र.) में रेलवे मेल सेवा (RMS) को बंद करने का प्रस्ताव है।

मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि शाहजहाँपुर एक महत्वपूर्ण और घनी आबादी वाला शहर है, जहाँ के निवासी डाक सेवाओं पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यहाँ के ग्रामीण, कस्बाई, और शहरी क्षेत्रों के लोग पत्र, रजिस्टर्ड डाक, और पार्सल भेजने व प्राप्त करने के लिए RMS पर भरोसा करते हैं। रजिस्टर्ड डाक जैसी सेवाएँ महत्वपूर्ण दस्तावेज और सामान भेजने का एक विश्वसनीय माध्यम हैं।

मैं यह भी संज्ञान में लाना चाहूंगा कि शाहजहांपुर स्थित रेल डाक व्यवस्था न केवल शाहजहांपुर जिले के लिए बल्कि हरदोई जिले के लिए भी एक महत्वपूर्ण डाक छंटाई कार्यालय है. जो दोनों जिलों की दैनिक औसतन स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड पोस्ट प्रतिदिन और 15000 प्रतिदिन साधारण डाक एवं 250 पार्सल आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते है और कार्य दिवस में रोजाना औसतन 500 आर्टिकल एवं साप्ताहिक अवकाश और राजपत्रित अवकाश में पूरे जिले में केवल आर०एम०एस० ही रजिस्ट्री और स्पीड पोस्ट बुकिंग की सुविश्धा प्रदान करता चला आ रहा है।

ऐसी स्थिति में शाहजहांपुर में RMS के बंद होने से डाक सेवाओं में विलंब होगा. जिससे न केवल आम जनता को असुविधा होगी, बल्कि स्थानीय दुकानदारों, छोटे व्यापारियों, और ई-कॉमर्स पर निर्भर उपभोक्ताओं को भी नुकसान उठाना पड़ेगा।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए शाहजहाँपुर में RMS को पूर्ववत् संचालित रखने के निर्देश प्रदान करें। शाहजहाँपुर (उ०प्र०) में RMS को यथावत् सचालित रखने हेतु निर्देश जारी करने का कष्ट करें। (इति)

Re: Need to expand the operation of National Mineral Exploration Trust and also provide financial assistance to Bharat Earth Movers Limited and Bharat Heavy Electricals Limited

डॉ. मन्ना लाल रावत (उदयपुर) : वर्तमान में भारत में खनन कार्यों के लिए विभिन्न प्रकार के मशीनरी/उपकरणों का प्रयोग किया जा रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से भारत में निर्मित BEML (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड) तथा BHEL (भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) के उत्पाद सम्मिलित हैं, जो अपनी गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध हैं। साथ ही जानकारी में आया है कि यू.एस.ए. आधारित कैटरपिलर इंक (CAT) जैसी कई विदेशी कंपनियों से खनन मशीनरी आयात की जा रही है। ऐसे समय में जब देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है, यह आवश्यक है कि खनन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी मेक इन इंडिया पहल को प्रोत्साहन दिया जाए एवं स्वदेशी उपकरणों का निर्माण व उपयोग बढ़ाया जाए। यह भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (NMET), जो खनन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के वित्तीय सहयोग का कार्य करता है, उसके पास आज ₹3500 करोड़ से अधिक की राशि उपलब्ध है, जिसका प्रभावी उपयोग हो सकता है। अतः मेरा आग्रह है कि सरकार NMET के कार्यों के विस्तार पर विचार करे एवं BEML, BHEL जैसी प्रतिष्ठित स्वदेशी कंपनियों को भी सशक्त वित्तीय सहायता प्रदान करे, जिससे उक्त जैसे कई विदेशी उपकरणों के आयात पर निर्भरता कम होकर, आत्मनिर्भर भारत को समर्थन मिल सके।

(इति)

Re: Need to provide special financial assistance for people affected due to heavy rains in Jharkhand

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : झारखंड राज्य में अत्यधिक वर्षा के चलते पूरा जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों के घरों में वर्षा का पानी घुस गया है। मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं लोग बेघर हो गए हैं। सड़कों पर टेंट लगाकर रहने के लिए मजबूर हो गए हैं। साल भर में होने वाली वर्षा दो महीनों में हो गई है। पलामू एवं गढ़वा जैसे जिले जो Rain shadow area में पड़ते हैं जहां अक्सर ही सुखाड़ जैसी स्थिति बनी रहती है, इन जिलों में अत्यधिक वर्षा होने के चलते लोगों के घरों में पानी घुस गया है, गंदी नालियों का पानी भी उनके घरों में घुस गया है, पानी में सांप तैरते नजर आ रहे हैं, अस्पतालों में, स्कूलों में पानी घुस गया है, सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं मरीजों को अस्पतालों तक पहुंचाने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, स्कूल बंद कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार से अनुरोध है कि झारखंड राज्य को इस आपदा से निबटने के लिए विशेष सहायता राशि देने का प्रावधान किया जाय, ताकि अतिवृष्टि से हुई क्षति की भरपाई की जा सके। ध्वस्त मकान के जगह पर PMAY के अंतर्गत अतिरिक्त मकान बनाने का प्रबंध एवं सड़कों का निर्माण किया जा सके।

(इति)

Re: Need for inclusion of Gor-Boli language of Banjara community in the 8th Schedule to the Constitution

SHRIMATI D. K. ARUNA (MAHBUBNAGAR): I would like to bring to your kind notice regarding the dire need to include Gor-Boli language of the Banjara Community, in the 8th Schedule to the Constitution. In this connection, I am to state that the language called Gor-Boli, also known as Lambadi or Banjari, is spoken by the Banjara people across India. It's estimated that there are between 1 and 2 million speakers. This language is part of the Indo-Aryan language family. Gor-Boli is the mother tongue of the people of Banjara. Moreover, Banjara, Gore Banjara, Laman, Lambadi, Gore Rajput, Nayak and Gawaria, in our country, are known by various names such as Gore, Gore Rajput, Nayak and Gawar, in the form of folk songs and stories, they are constantly protecting their unique language, attire, culture and traditions, but if there is no immediate action, we will lose this precious language which is used by significant number of population and has a great cultural heritage. The absence of a script should not be an obstacle. Hence, I request the Hon'ble Minister of Home Affairs, to kindly intervene in the matter and do the needful for which we all shall ever be grateful to you, Sir.

(ends)

Re: Need to formulate an integrated water reallocation and transmission framework to ensure supply of water to water-scarce districts of Western Rajasthan

SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI): I wish to draw the attention of the House to the acute water crisis faced by the arid and drought-prone regions of western Rajasthan, especially districts like Pali, Bikaner, Jodhpur, and Jaisalmer. Following the abeyance of the Indus Water Treaty, India has gained the opportunity to fully utilise the waters of the western rivers. These water resources, if harnessed effectively, can serve not only as a lifeline for the drinking and irrigation needs of drought-affected areas, but also provide long-term water security to regions suffering from chronic scarcity. Under the visionary leadership of the Hon'ble PM, the Eastern Rajasthan Canal Project will make significant strides in ensuring water availability to eastern districts. A similar strategic intervention is urgently needed for western Rajasthan, which continues to face recurring water shortages. I urge the Ministry of Jal Shakti to formulate an integrated water reallocation and transmission framework to utilise the waters of western rivers for national interest and public welfare by prioritising supply to the water-scarce districts of western Rajasthan. This should include long-haul canal systems and regional storage structures. Such a move would be a landmark step in addressing water insecurity in the desert regions of India.

(ends)

Re: Need to make public the study report by NEERI, Nagpur on environmental issues within Raipur, Chhattisgarh

श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर) : 131 नॉन अटेन्मेंट सिटीज में से सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही 3 शहर हैं - रायपुर, कोरबा और भिलाई। वैसे तो प्रदूषण के मामले में रायगढ़ और जांजगीर - चाम्पा की स्थिति भी अच्छी नहीं है। रायपुर के बाहरी इलाके में स्थित सिलतरा, उरला और बोरझरा औद्योगिक क्षेत्र प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के रूप में उभरे हैं। भारी उद्योगों के इस संकेन्द्रण ने प्रदूषण का एक व्यापक तूफान खड़ा कर दिया है, जिसका स्थानीय आबादी के स्वास्थ्य और आजीविका पर बुरा असर पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, नागपुर स्थित नीरी को रायपुर के 142 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का व्यापक अध्ययन करने का निर्देश दिया था। उक्त रिपोर्ट की प्रति को सार्वजनिक किया जाए एवं और इस रिपोर्ट की अनुशंसाओं के आधार पर की जाने वाली कार्रवाई के ब्यौरे की प्रति साझा की जाए। केंद्र सरकार पूरे राज्य की एक और ऐसी रिपोर्ट बनवाने की अनुशंसा करे ताकि राज्य को नए सिरों से वर्ष 2025 तक के मानकों का पता लग पाए। माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री जी उक्त सम्बन्ध में हस्तक्षेप करते हुए कार्यवाही करें, ताकि सभी छत्तीसगढ़ के निवासी स्वच्छ हवा में सांस ले पाएं, साफ़ पानी पी पाए।

(इति)

Re: Need to ensure mandatory attendance of Block Development Officers (BDOs) in District Development Coordination and Monitoring Committee (DISHA) meetings

SHRIMATI SANGEETA KUMARI SINGH DEO (BOLANGIR): I would like to draw the attention of the Hon'ble Minister for Rural Development to the urgent need for ensuring the mandatory attendance of Block Development Officers (BDOs) in the DISHA (District Development Coordination and Monitoring Committee) meetings. DISHA meetings, chaired by the Hon'ble Members of Parliament, serve as an important forum for reviewing and monitoring the implementation of various centrally sponsored schemes such as MGNREGA, PMAY-G, NRLM, SBM, Jal Jeevan Mission, and others at the district and block levels. BDOs play a critical role in implementing these schemes on the ground and are key to providing updates and resolving local issues. However, it has been observed in several districts of Odisha that BDOs are often absent and nominating representatives without sufficient authority or information. This leads to gaps in monitoring, lack of accountability, and delays in resolving issues raised during the meetings. Therefore, I urge the Ministry to issue clear directions mandating the presence of BDOs in every DISHA meeting and to take appropriate disciplinary action in cases of unjustified absence. This step is essential to ensure effective governance and timely implementation of welfare schemes. (ends)

Re: Need for installation of adequate number of community centric decentralized Automatic Weather Forecasting Stations in hilly regions of the country including Himachal Pradesh

